

# 60 दिनों में निर्माण पूर्ण करने के दृढ़ संकल्प से विश्वविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसावली धाम होने जा रहा है भव्य और दिव्य

**नवभारत न्यूज़**
**सौसर-28 फरवरी.** कई वर्षों से अविरत बंद पड़े चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण का स्वप्न वर्तमान ट्रस्ट के अथक परिश्रम, अटूट आस्था और दृढ़ संकल्प से साकार रूप ले रहा है। सब सुख लहे तुम्हारी शरणा, तुम रक्षक काहे को डरना की पावन भावना के साथ मंदिर संस्थान के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य संदीप मोहोड और संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा स्वयं के व्यय से 15 जनवरी को प्रारंभ किया गया यह ऐतिहासिक निर्माण कार्य, आगामी हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व 15 मार्च तक पूर्ण करने के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है।

**भव्य मंदिर निर्माण — सुविधा, सौंदर्य एवं आधुनिकता का संगम**

नव-निर्मित मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ग्राउंड फ्लोर पर सर्वसुविधायुक्त रैलिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पंखे, शुद्ध पेयजल व्यवस्था सहित अनेक आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। वंही प्रथम तल पर दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग श्रद्धालुओं हेतु सुगम रैंप व्यवस्था, आकर्षक गजद्वार, विशाल एंट्रेंस सीढ़ियाँ,मराठा स्थापत्य कला से सुसज्जित प्रवेश द्वार, आधुनिक तकनीक से निर्मित भव्य डोम, मॉडर्न एयर हैंडलिंग यूनिट, एचवीएलएस कमर्शियल फैन, सुंदर मार्बल टाइल्स फ्लोरिंग, आकर्षक सीलिंग,




बैठने हेतु बेंच एवं सुरक्षा रैलिंग की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है।यहां एक साथ पाँच हजार श्रद्धालु बैठकर सामूहिक रूप से दैनिक आरती और हनुमान चालीसा का पाठ कर सकेंगे। परिसर में तीर्थ जल केंद्र, प्रसाद वितरण केंद्र एवं संस्थान द्वारा संचालित विक्रय केंद्र की भी स्थापना की गई है, जिससे भक्तों को समग्र धार्मिक सुविधा प्राप्त हो सके।

**मंदिर परिसर का बाह्य विकास— शिल्प और संस्कृति का अद्भुत संगम**

कालांतर से बंद पड़े सभामंडप ओपन स्ट्रक्चर को नया जीवन प्रदान करते हुए आकर्षक म्यूरल पेंटिंग, कॉलम एलिवेशन, आर्चेस टेराकोटा जाली , टेक्सचर पेंटिंग तथा 13 भव्य शिखरों का निर्माण किया गया है। यह कार्य मंदिर निर्माण हेतु प्रसिद्ध नांदेड़ (महाराष्ट्र) के कुशल कारीगरों द्वारा मूर्त रूप दिया गया है। शीर्ष शिखर पर धर्मध्वज स्थापना की जाएगी, जो विशेष रूप से अहमदाबाद से मंगाई जा रही है। मंदिर एलिवेशन पर हनुमान जी के बाल्य, किशोर एवं वीर स्वरूप की दिव्य लीलाओं का सजीव चित्रण भक्तों के मन को श्रद्धा एवं भक्ति से सराबोर करेगा। अयोध्या मंदिर की तर्ज पर बाह्य आकर्षक लाइट्स और पैनल लगाए जा रहे है जो मंदिर को रात्रि के समय सुंदर और आकर्षक बनायेंगे।

### हनुमान लोक परियोजना — विकास की नई उड़ान

शासन द्वारा स्वीकृत 12 करोड़ रुपये की लागत से हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण में मंदिर तक चिरंजीवी पथ का निर्माण, नाले का विस्थापन, सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। कलेक्टर पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियो हेतु किए गए औचक निरीक्षण में मंदिर परिसर के समक्ष संचालित नारियल एवं पूजा सामग्री की दुकानों को अस्थायी रूप से चिरंजीवी पथ परिसर में स्थानांतरित किये जाने और मंदिर परिसर को नो शॉपिंग जोन करने हेतु मंदिर संस्थान को आदेशित किया था जिससे सुरक्षा और श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर के समक्ष विशाल एवं भव्य मैदान विकसित किया जा सके।

### 29 मार्च से भव्य श्रीराम कथा— धर्म, भक्ति और संस्कारों का महासंगम

मंदिर संस्थान द्वारा पांढुर्णा मार्ग स्थित मंदिर से लगी लगभग 11 एकड़ भूमि का समतलीकरण कर वहां 29 मार्च से हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।इस दिव्य आयोजन में विश्वविख्यात पद्मविभूषण, तुलसीपीठाधीश्वर, जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का अमृतपान श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। इसके साथ ही अनेक धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक आयोजन चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली धाम में संपन्न होंगे।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई,बैतूल के युवक की हुई दर्दनाक मौत,दूसरा घायल

**नवभारत न्यूज, पांढुरना,26 फरवरी,** नागपुर से बैतूल जिले के सारणी बाइक से जा रहे दो युवक की बाइक ग्राम सिवनी के पास डिवाइडर से टकराने से एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वही दूसरा युवक घायल हुआ है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार नगरीय सीमा से लगे ग्राम सिवनी के पास मुख्य नागपुर भोपाल सडक़ पर शनिवार दोपहर को एक तेज रफ्तार बाईक सडक़ के मध्य स्थित डिवाडयर से टकराने से सीमा क्षेत्र से लगे बैतूल जिले के सारणी के ग्राम लोनिया निवासी विक्की पिता बिजनलाल सिल्लुकर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई,वहीं बाइक के पिछे बैठा युवक राजेश भी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मृतक युवक बहुत तेज गति से बाइक चला रहा था,इस दौरान ग्राम सिवनी के पास इसका बाइक पर से नियंत्रण नहीं रहा जिसके कारण वह सडक़ के मध्य स्थित डिवाडयर से टकारा गया । पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रहीं है।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिवस पर पूर्णाहुति



**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 28 फरवरी.**भगवान श्री राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिवस आज भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु मंदिर में भव्य रूप से कार्यक्रम सम्पन्न हुए।आज के पावन अवसर पर महा आरती, श्रीमूर्ति दर्शन एवं यज्ञ पूर्णाहुति का आयोजन विधि-विधान से किया गया।कार्यक्रम में डहरवाल कलार समाज के सभी बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा तन, मन और धन से अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण, जयघोष एवं श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। समाज की एकजुटता एवं समर्पण ने इस आयोजन को और भी भव्य एवं सफल बनाया।

# सरकार का ध्यानाकर्षण : विधायक ने विधानसभा के पलट पर प्रमुख से रखी अपनी बात

### विधायक नीलेश उईके द्वारा विधानसभा के बजट सत्र में पांढुरना के विकास कार्यों कराने सरकार से लगाई गुहार

### आदिवासी क्षेत्र के छात्रों की पढाई के लिए महाविद्यालय, स्कूल,छात्रावास, आवागमन हेतू पुल,पुलिया सड़क बनाने का दिया प्रस्ताव




**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,28फरवरी,** विधायक नीलेश उइके के अथक प्रयासों के चलते अंतत्वर्षों पूरानी मांग वरूड़ मार्ग पर रेलवे औवर ब्रिज के साथ ही इस बजट में अब नगर के तीन शेर चौक से लेकर वर्धा नदी की पुलिया तक की कुल 11:20 किलों मीटर तक के सडक़ निर्माण के लिए 40 करोड़ की राशि स्वीकृत कराने पर विधायक द्वारा सरकार का आभार माना।

इसके साथ ही विधायक नीलेश उइके द्वारा इनके आदिवासी बाहुल्य पांढुरना विधानसभा क्षेत्र के कई पहुंच विहीन ग्रामों में पुल,पुलिया तथा सड़कों के साथ ही छात्रों की उच्च पढ़ाई के लिए पाठई में महाविद्यालय एवं नांदनवाडी में एकलव्य स्कूल शुरू कराने एवं ग्राम मोही के पास मुख्य नागपुर भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन हो रहीं सडक़ दुर्घटनाओं में अब तक सैकड़ों लोगों की सडक़ दुर्घटना में मौत होने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए यहां पर सडक़ दुर्घटनाएं रोकने स्थाई हल कराने की मांग को विधानसभा में जारी बजट सत्र के दौरान बीते दिवस बड़े ही शालीनता से रखते हुए सरकार का ध्यानाकर्षण कराया।

**सडक के लिए 40 करोड की राशि पर विधायक ने माना आभार**

प्रदेश मुख्यालय भोपाल के विधानसभा में जारी बजट सत्र के दौरान बीते दिवस क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके अपने संबोधन में सर्व प्रथम इनके पांढुरना विधानसभा के नगर मुख्यालय में इनके द्वारा वर्षों पूरानी नगर के तीन शेर चौक से वर्धा नदी पुलिस तक की सडक़ अत्यंत खराब होने से इस सडक़ को बनाने को लेकर इनके द्वारा पूर्व में कई बार प्रदेश सरकार के मुखिया,विभागीय मंत्री तथा अधिकारियों से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर चर्चा करने तथा इस सडक़ को बनाने के पत्र सौपे थे,जिसे सरकार द्वारा इस बजट इस 11:20 किलों मीटर की सडक के लिए 40 करोड़ की राशि स्वीकृत कराने पर सरकार का आभार माना।

**मोही में सडक़ दुर्घटनाए रोकने सरकार करें स्थाई हल**

इसी दौरान विधायक श्री उइके द्वारा नगरीय सीमा से लगे ग्राम मोही के पास मुख्य नागपुर भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग की इस सडक़ पर आए दिन हो रहीं सडक़ दुर्घटनाओं में अब तक हजारों लोगों की सडक़ दुर्घटना में असमय मौत होने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस राष्ट्रीय राजमार्ग की सडक़ पर दुर्घटनाए रोकने स्थाई निराकरण करने की मांग की है।

### आदिवासी क्षेत्रों की बच्चों की पढ़ाई के लिए सरकार खोले स्कूल,कॉलेज

इसी प्रकार इनके आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों की उच्च पढाई के लिए ग्राम पाठई में महाविद्यालय तथा ग्राम नांदनवाडी में एकलव्य स्कूल,मैनीखापा में कन्या छात्रावास शुरू कराने की मांग की है,इस दौरान इन्होंने सदन पलट के माध्यम से बताए कि छात्रों के उज्जवल भविष्य को लेकर इस मांग को वे बीते लगभग दस वर्षों से निरंतर रख सरकार का ध्यान आकर्षण करा रहे है,लेकिन अब तक सरकार द्वारा इनके क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के ग्रामों के छात्रों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय की और सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने पर भी चिंता व्यक्त कर शीघ्र ही इनकी इन मांगों को स्वीकृत कराने की गुहार लगाई है।जिससे इसके इस आदिवासी विधानसभा क्षेत्र के बच्चे पढ़ने के साथ ही इनका तथा इनके परिजनों को जीवन उज्जवल हो सके।

### इन मांगों के निराकरण के लिए भी सद्न में उठाई विधायक ने आवाज

बजट सत्र के दौरान विधायक नीलेश उइके द्वारा सदन के पटल पर अपनी बात को प्रमुख से रखी जिसमें ग्राम दगडिया से उमर बेल नदी पर,बिजागोरा से भवानी कन्हान नदी पर,नारायण घाट से पलासपानी, रायबासा से बुचनखापा ,सिराठा से टेमनी मार्ग पर पुल पुलिया नहीं होने से बारिश के दिनों में इन नदियों पर बाढ़ आने से इन ग्रामों के छात्र लगभग तीन महिनों तक स्कूल आ जा नहीं पाते जिससे इनकी पढ़ाई प्रभावित होती है,इसी प्रकार ग्राम चिमनखापा से भैसा डोंगरी,उत्तम डेरा से ढोलनखापा,छाबडी से धनोरा,लेंढोरी से रयैयतवाडी ढाना,आदि ग्रामों में लोगों का आवागमन हेतू मुख्य सडक़ नहीं होने से होने वाली परेशानियों की और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन नदी पर पुल,पुलिया तथा इन उक्त ग्रामों में मुख्य सडक़ बनाने की मांग की है।

### वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर हुआ प्रेरक व्याख्यान

## पी एम सी ओ ई शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्णा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा, 28 फरवरी,** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएमसीओई शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, पांढुर्णा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर केन्द्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गणित विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता धुर्वे द्वारा विज्ञान दिवस क्यों मनाया जाता है विषय पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि विज्ञान अंधविश्वास को त्याग कर तर्क आधारित ज्ञान प्रदान करता है तथा समाज को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करता है। इसी अवसर पर भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार सोनवाने ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विज्ञान दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि केवल सुनी-सुनाई बातों को मानना पर्याप्त नहीं है, बल्कि तथ्यों के आधार पर उनकी प्रमाणिकता सिद्ध करना आवश्यक है। वहीं डॉ. दिलेश कुमार इन्दौरकर ने विज्ञान में हो रहे नित नए नवाचारों के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी। अंत में प्राचार्य डॉ. शहनाज खान ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान Which, What, How के साथ Why का भी उत्तर देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की जीव विज्ञान प्रभारी डॉ. हर्षलता सोनटक्के, डॉ. ललिता धुर्वे, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी श्रीमती अभिलाषा दवण्डे, डॉ. लखानलाल राऊत, डॉ. पल्लवी झारिया, प्रो. रविन्द्र बन्सोड, प्रो. मनोज कुमार धुर्वे, प्रो. पंजाब सिंह, प्रो. पवन कुमार कोडापे, डॉ. ए. मन्सूरी, मनोज खुरसगे, भोजराज कराले, राधेश्याम बुवाडे सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

## मिडास कोचिंग संस्था सौंसर ने प्रेस कांफ्रेंस रख अपने होनहार बच्चो का स्वागत पत्रकार साथियों से कराया



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 28 फरवरी.** शहर के नामी कोचिंग संस्था जो आज कोई नाम का मोहताज नहीं है पूरे जिले में उनका हर साल के परिणामों का परचम अलग ही लहराता आया है।हाल ही में घोषित हुए एनटीए द्वारा जेईई मेंस की जनवरी 2026 की परीक्षा में खैरी तायगाँव के पीयूष सतपुते ने सौंसर में कोचिंग कर के 99.34 पर्सेंटाइल ला कर पूरे पांढुर्ना जिले में टॉप किया और मोहगांव के श्रेष्ठ महेश्वरी ने 98.36 परसेंटाइल ला कर कोचिंग में दूसरे स्थान पे रहा। इसके साथ साथ करीब 13 बच्चो ने 95 परसेंटाइल से और 31 छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक लाया और उन सभी बच्चों को सभी पत्रकार साथियों द्वारा फुल माला से सम्मानित किया गया जिससे बच्चों में ख़ुशी का माहौल बना। इस प्रेस कांफ्रेंस में यह भी चर्चा चला की कई कोचिंग सौंसर शहर में आते है और जाते है पर मिडास संस्था आज वही है और अपने परिणामों का रिजल्ट ही उसका हर साल का प्रमाण है एवं भरोसा दिलाता है की मिडास इस सौंसर क्षेत्र में अपना अलग पहचान बनाया है बच्चों का भविष्य सवार कर। प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित सभी पत्रकार लोग शामिल थे और सभी ने सभी उत्तीर्ण हुए बच्चो को शुभकामनाएँ भी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना भी की।

### जितेंद्र धुंडे द्वारा छात्रों को बताई जानकारी

## छात्रों को वित्तीय रूप से जागरूक एवं सशक्त बनाने कार्यशाला संपन्न



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,28 फरवरी,** नगर के एक महाविद्यालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (NISM) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेशनल फाइनेंशियल लिटरेसी क्वीज 2026 (NFLQ-26) का कॉलेज स्तरीय राउंड उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से जागरूक और सशक्त बनाना है।

**वित्तीय साक्षरता पर जोर**

क्वीज के दौरान विद्यार्थियों से बैंकिंग, शेयर बाजार, निवेश की रणनीतियों, धोखाधड़ी से बचाव और उपभोक्ता संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सवाल पूछे गए। कार्यक्रम में जितेंद्र धुंडे की ओर से विशेष सहयोग प्रदान किया गया, जो लंबे समय से क्षेत्र में निवेशक जागरूकता और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे है।

**विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता**

इस प्रतियोगिता में एतश कॉलेज के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को न केवल वित्तीय ज्ञान मिला, बल्कि उन्हें देश के आर्थिक तंत्र को समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

**अगले चरण की तैयारी**

कॉलेज राउंड में सफल होने वाले विद्यार्थी अब क्षेत्रीय (Regional) राउंड के लिए आगे बढ़ेंगे, जिसका समापन मुंबई स्थित NISM कैंपस में होने वाले नेशनल ग्रैंड फिनाले के साथ होगा। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वैभव आखरे एवं रश्मि मेश्राम का विशेष सहयोग रहा ।

### महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# सिविल अस्पताल सौसर में HPV टीकाकरण अभियान का भव्य शुभारंभ



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 28 फरवरी.** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु HPV टीकाकरण अभियान का शुभारंभ आज सिविल अस्पताल सौसर में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि HPV (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है। यह टीकाकरण मुख्यत: 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को लक्षित कर किया जा रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों ने टीकाकरण के लाभों की विस्तार से जानकारी देते हुए अभिभावकों से अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि यह टीका पूर्णत: सुरक्षित है तथा इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं। अस्पताल प्रबंधन द्वारा टीकाकरण हेतु पृथक काउंटर, प्रतीक्षालय एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। पहले दिन बड़ी संख्या में बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व भाजपा महामंत्री राहुल मोहोड, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला, सिविल सर्जन प्रतिनिधि, अस्पताल प्रभारी, चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग का समस्त अमला उपस्थित रहा। इस अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इस महत्वपूर्ण योजना से जुड़ सकें।

# ग्राम बेरडी में नाटय कला के पुनर्जीवन का सराहनीय प्रसास

### माऊली श्री ज्ञानेश्वर नाटक के मंचन से लोक संस्कृति संरक्षण, धर्म प्रचार को मिला नया आयाम



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 28 फरवरी.** लोक कला संस्कृति एंव नाटय परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में ग्राम बेरडी में जनजागृतिक सांस्कृतिक कला मंदिर द्वारा एक प्रेरणादायी एवं सराहनीय पहल की गई। क्षेत्र के प्रख्यात नाटय लेखक शा ज करडभाजने द्वारा रचित तीन अंकी मराठी नाकट माऊली श्री ज्ञानेष्वर महाराज का शुक्रवार को गुरूदेव सेवाश्रम परिसर में भव्य एवं सफल मंचन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक नाटय प्रस्तुति के माध्यम से संत परपंरा, भक्ति, त्याग, सेवा एवं मानव कल्याण के महान संदेष को जन-जन तक पहुचानें का सषक्त प्रयास किया गया।नाटक के माध्यम से लोक संस्कृति संरक्षण के साथ-साथ धर्म प्रचार एवं सामाजिक चेतना का अदभूत संगम देखने को मिला। नाटक के शुभारंभ अवसर पर श्रीमती प्रतिभा विजय चौरे, जनपद सदस्य गायत्री देवेन्द्र गायकवाड, सरपंच संगीता गावंढे, पूर्व जप सदस्य अरूण गावंढे, ज्ञानेष्वर गावंढे, रमेश शुक्ला, बंडु गुर्वे, विठठल गायकवाड सहित जनजागृति सांस्कृतिक कला मंदिर के अध्यक्ष एवं लेखक शा. ज. करडभाजनें मंचासीन रहे। नाटक में स्थानीय अरूण कडू, आकाश गुर्वे, विनोद करडभाजने, सागर कपाले, अषोक ठाकरे, संतोष बंड, नीलकंठ कपाले, गोपाल इधाते, जानराव चौधरी, पंकज गायकवाड, षंकर गिरहें एवं चेतना घाटोड, लाजरी घाटोड, वैष्णवी कारोमोरे नागपुर ने अपने सजीव अभियान पात्रों को जीवंत कर दिया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय नें दर्शकों को भावविभोर कर दिया। संगीत संयोजन में रमेश शुक्ला, राजेन्द्र भांडे, बंडू शेडे, शेषराव कोवले, प्रभाकर ठवरे, लक्ष्मण रूंघे, कैलाश गुरवे, रमेश हिवसे एवं संजय कपाले ने महत्वपूर्ण योगदान देकर नाटक को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

जानकारी देते हुये श्री करडभाजने ने बताया कि, इस नाटक का मंचन महाराष्ट्र के पुणे, आलंदी एवं खामगांव जैसे प्रमुख धार्मिक वं सांस्कृतिक केन्द्रों पर अनेक बार किया जा चूका है। पुणे के प्रसिद्ध प्रकाशक द्वारा इस नाटिका का पुस्तक रूप में प्रकाशन भी किया गया। जिसके लिये उन्हें अखिल भारतीय वारकरी संप्रदाय द्वारा सम्मनित किया गया।